उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 21.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-21.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत अग्निशमन टीम महोबा द्वारा मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।






ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत आग से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर आज दिनांक- 21.04.2025 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में फायर सर्विस टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में स्थापित होटल एवं प्राइवेट नर्सिंग होम में जाकर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया तथा वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।

इसी क्रम में स्कीम नंबर 3 एवं 5 के तहत जनपद में स्थापित होटल, प्राइवेट एवं सरकारी अस्पताल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा वहाँ पर मौजूद समस्त स्टाफ़ को होटल एवं प्राइवेट नर्सिंग होम में स्थापित अग्निशमन उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं आग जैसी आपातकालीन घटनाओं से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# महोबा पुलिस



## थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 21.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी मनियादेव के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 97/25 धारा 137(2) बी.एन.एस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त प्रवेन्द्र सिंह पुत्र कुबेर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम काजी बम्हौरी थाना कबरई जनपद महोबा को झलकारी बाई तिराहा महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 182/2025 धारा 137(2)/64(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो अधिनियम से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त नीरज सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रैपुरा खुर्द थाना कोतवाली नगर महोबा जिला महोबा को पी0डब्लू0डी0 चौराहा महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में गठित तृतीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 46/2025 धारा 306/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त मनोज कुमार वर्मा पुत्र किशना वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रतवा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को कल्याण सागर महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी के माल मशरुका 2000/- रुपये जामा तलाशी से बरामद किया गया।

बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

**प्रथम पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी मनियादेव
2. का0 धर्मेन्द्र कुमार 3. म0का0 बबिता पाल

**द्वितीय पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह
2. का0 चंदन पांचाल

**तृतीय पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी भटीपुरा
2. का0 दीपेश कुमार यादव

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. प्रवेन्द्र सिंह पुत्र कुबेर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम काजी बम्हौरी थाना कबरई जनपद महोबा
2. नीरज सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रैपुरा खुर्द थाना कोतवाली नगर महोबा जनपद महोबा
3. मनोज कुमार वर्मा पुत्र किशना वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रतवा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर







